Nai Dunia (Indore), 7th June 2022, Page-05

# टाइम्स हायर एजुकेशन रैंकिंग में आइआइटी इंदौर को 87वीं रैंक

इंदौर (नईदुनिया प्रतिनिधि)। टाइम्स हायर एजुकेशन ने एशिया विश्वविद्यालय रैंकिंग-2022 जारी की। इसमें 31 देशों के 616 विश्वविद्यालय के नाम शामिल हैं। इन विश्वविद्यालयों में भारत के 71 संस्थानों को शामिल किया गया है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) इंदौर ने भी इसमें जगह बनाई है। संस्थान 87वें पायदान पर रहा। बेंगलुरु के इंडियन इंस्टीट्यूट आफ साइंस को 42वीं रैंक मिली। मैसूर के जेएमएस एकेडमी आफ हायर एजुकेशन एंड रिसर्च संस्थान को 65वीं और आइआइटी रोपड़ को 68वीं रैंक मिली है। रैंकिंग लिस्ट में इस वर्ष टाप- 100 में भारत के चार ही संस्थान जगह बना पाए हैं। आइआइटी इंदौर के बाद आइआइटी गांधीनगर 120, अलगप्पा विश्वविद्यालय 122वीं रैंक पर रहा।

**वर्ल्ड रैंकिंग में यहां है आइआइटी**

इंदौर : टाइम्स हायर एजुकेशन की वर्ल्ड रैंकिंग में भी आइआइटी इंदौर बेहतर स्थिति में आ रहा है। वर्ल्ड में आइआइटी इंदौर की 2019 और 2020 में 351 से 400 के बीच रैंक थी। 2021 और 2022 में संस्थान की रैंक में सुधार हुआ है। इन दोनों वर्ष में संस्थान 401 से 500 के अंदर की रैंक पर रहा।

टाइम्स हायर एजुकेशन रैंकिंग में शिक्षण संस्थानों में शोध, शिक्षा, उद्योग समन्वय, फैकल्टी अनुभव, छात्र-छात्रा रेशो और अन्य पैमानों को ध्यान में रखा जाता है। अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों की संख्या के लिए भी रैंकिंग में कुछ अंक दिए जाते हैं, लेकिन आइआइटी इंदौर को इसमें जीरो अंक प्राप्त हुए हैं। आइआइटी इंदौर में इस समय 1832 विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।